# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 15 फरवरी , 2023

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>एयरो इंडिया -2023 के दौरान बीडीएल ने एम ओ यू पर हस्ताक्षर किये।</u>**

बेंगलूरू में एयरो इंडिया – 2023 के दौरान भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अब तक के सबसे अधिक उत्पादों की प्रदर्शनी की है। आज कई विदेशी और भारतीय कंपनियों के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किये।

भारत में लेज़र गाइडेड रॉकेट और इसके प्रधान घटकों के विनिर्माण हेतु बीडीएल ने थेल्स के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किये। अनुबंध ज्ञापन प्रलेख के अनुसार नई सुविधा में विनिर्मित लेज़र गाइडेड रॉकेट भारतीय रक्षा सेना को दिए जाएंगे। इस अनुबंध ज्ञापन प्रलेख से बीडीएल थेल्स के साथ मिलकर निर्यात बाज़ार में आगामी आवश्यकताओं को पूरा करने विश्वस्तरीय श्रृंखला में भी भागीदार होगा।

इसके अलावा, भारत में सर्वऋतु, दिन / रात, लंबी दूरी वाली प्रिसिशन-गाइडेड म्यूनिशन (एल आर-पी जी एम) किट्स के संयुक्त उत्पादन के लिए बीडीएल द्वारा ई डी जी ई ग्रुप एंटिटी, अल तरीख़, यू ए ई के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए ।

बीडीएल ने 'मेक इन इंडिया' के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से भारत में 122 एम एम, जी आर ए डी, बी एम, ई आर और नॉन-ई आर रॉकेट के लिए विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना के लिए बी यू एल टी ई एक्स पी आर ओ लि. बल्गेरिया के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किये।

बीडीएल और भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आई आई टी एम), चेन्नई ने विभिन्न मिसाइल और भविष्य की अस्त्र प्रणाली के लिए प्रोपलेण्ट ग्रेंस का अभिकल्पन एवं विकास पर कार्य करने के लिए एम ओ यु पर हस्ताक्षर किये।

बीडीएल ने तमिलनाडू इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टी आई डी सी ओ), चेन्नई के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत बीडीएल और टी आई डी सी ओ के सेंटर ऑफ एक्सलेंस नये कार्यक्रम में साथ-साथ कार्य करेंगे।

आज बेंगलूरू में एयरो इंडिया में बंधन समारोह के दौरान माननीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एम ओ यू घोषित किए गए ।

***